जानवरों में शारीरिक स्वच्छता

प्रकृति में जानवर अपने आप को साफ कैसे रखते हैं?

क्या आपने कभी सोचा है की जानवर अपने आपको क्यों और कैसे साफ़ करते हैं?

चोंच से सफाई

पक्षी अपने चोंच का बिलकुल उस तरह इस्तेमाल करते हैं जिस तरह हम अपने बालों में कंघी का इस्तेमाल करते हैं! वे अपने पंखों को फुलाने, हिलाने, और कुतरने से साफ़ करते हैं। वे चोंच से अपने पंखों को सीधा करते हैं और उनसे गंदगी या कीड़ों हटाते हैं। इस प्रक्रिया को 'प्रीनिंग' कहते हैं।

पैरों से खुजलाना

कुछ पक्षी अपने आप को खुजलाने से साफ करते हैं! वे अपनी पंखों के जड़ों से 'प्रीनिंग' तेल इकट्ठा करते हैं। फिर वे चोंच और पैरों से इस तेल को पंखों पर फैलाते हैं।

रेत में नहाना

गौरैया से लेकर धनेश (हॉर्नबिल) तक, कई पक्षी रेत या मिट्टी से स्नान करते हैं।
वे जमीन में एक उथला गड्ढा खोदते हैं और उसमे फड़फड़ाते हुए रेत को अपने पंखो से रगड़ते हैं। फिर, वे अपने शरीर को हिलाते हैं, जिस से रेत के साथ साथ पंखों से गन्दगी, छोटे कीड़े, और अधिकतर 'प्रीनिंग' तेल भी निकल जाते है।

? सोचिए – पक्षियों को अपने पंख साफ रखने की क्या जरूरत है?

चित्र : अरि अब्राहम
हिंदी अनुवाद: ए . अश्वी

This work is licensed to Nature Classrooms under CC BY-SA4.0

Nature Classrooms

nature conservation foundation

जानवरों में शारीरिक स्वच्छता
प्रकृति में जानवर अपने आप को साफ कैसे रखते हैं?

पशु नियमित रूप से खुद को साफ करते हैं ताकि उनके पंख, 'फर' (छोटे बाल), त्वचा, और एंटीना स्वस्थ रहे। इस सफाई के व्यवहार से जानवर अपने शरीर से अवांछित कीड़े, पत्ते, गंदगी, और टहनियाँ निकालते है।

? अपने चारों ओर देखें -- जानवर खुद को साफ करने और संवारने में शरीर के कौन से अंग का इस्तेमाल करते हैं?



जीभ

'गेको' नामक छिपकली की जीब के कई उपयोग हैं – कीड़े-मकोड़ों का शिकार करना, अपने आस-पास की चीजों को सूंघना, और यहां तक कि उनकी आंखों को साफ करना भी! आपके आस-पास कौन से जानवर हैं जो अपनी जीभ का इस्तेमाल खुद को साफ़ रखने के लिए करते हैं?

पंजे और नाखून

ऊदबिलाव (ओट्टर) जैसे जानवर पहले अपनी जीभ से अपना फर (चमड़ी पर छोटे घने बाल) चाटते हैं। फिर, वे अपने पंजो और नाखून से फर से गंदगी निकालते हैं। वे अपने फर में कंघी करने में, फर को सुखाने में, और अपने आप को संवारने में काफी समय बिताते हैं। क्या आपने किसी अन्य जानवर को देखा हैं जो खुद को साफ रखने के लिए अपने पंजे और नाखून का इस्तेमाल करते है?



मुंह और मुंह के अंग



कॉकरोच को भी खुद को साफ रखने की जरूरत होती है! वे अपने पैरों और एंटीना से गंदगी हटाने के लिए अपने मुंह के अंगो का उपयोग करते हैं। कॉकरोच के पैर और एंटीना साफ़ न होने से उनको सूंघने में, खतरा मालूम करने में, और चलने में दिक्कत होती हैं।

चित्र : अरि अब्राहम
हिंदी अनुवाद: ए . अश्री

This work is licensed to Nature Classrooms under CC BY-SA4.0

Nature Classrooms

nature conservation foundation

जानवरों में शारीरिक स्वच्छता

प्रकृति में जानवर अपने आप को साफ कैसे रखते हैं?

जानवर अपने आप को कई तरीको से साफ़ रखते हैं -- अपने पंजे और नाखून से खुद को कंघी करना, अपनी चोंच से खुद को 'प्रींन' करना और शरीर से गन्दगी निकालना, अपनी जीब से अपना 'फर' (चमड़ी पर छोटे घने बाल) चाटना। कभी कबार, जानवर सफाई में एक दुसरे की मदद करते हैं।

वयस्क जानवर युवकों को साफ रहने में मदद करते हैं। यहां, एक तेंदुए के अभिभावक उसे चाट कर उसके बाल साफ करके संवार रहे रहे हैं।

समूहों में रहते कुछ जानवर (जैसे कि लंगूर) नियमित रूप से एक दूसरे को स्वच्छ रहने में मदद करते हैं। वे एक दुसरे के शरीर से अवांछित कीड़ों और गंदगी निकालते हैं।
इस गतिविधि से ना सिर्फ ये जानवर साफ़ रहते हैं, बल्कि इनके आपस के नाते भी मज़बूत होते हैं।

क्या आपने कभी भैंस की पीठ पर मैना या बगुला (इग्रेट) जैसे पक्षियों को देखा है? आपको क्या लगता है कि पक्षी वहां क्या कर रहा है?
पीठ पर बैठे पक्षी भैस को परेशान करने वाले 'टिक' और अन्य कीड़े खाते हैं। इस तरह भैस को स्नान में सहायता मिलती हैं और पक्षी को पोषण!

चित्र : अरि अब्राहम
हिंदी अनुवाद: ए . अश्नी

This work is licensed to Nature Classrooms under CC BY-SA4.0

Nature Classrooms

nature conservation foundation